सीयूजे: सीएसएबी- 2024 से होगा इंजीनियरिंग कोर्स में नामांकन

रांची। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची में सत्र 2024-25 में इंजीनियरिंग के विभिन्न कोर्स में नामांकन सीएसएबी-2024 के जरिए होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। विश्वविद्यालय ने सीएसएबी-2024 के समन्वयक एनआईटी कर्नाटक को सारी सूचनाएं भेज दी हैं। सीयूजे में सीएसएबी- 2024 के तहत इंटीग्रेटेड बी टेक, एमटेक इन मेटेलर्जिकल व मेटेरियल्स इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग विषय में नामांकन लिया जाएगा। इस वर्ष इंजीनियरिंग की कुल 182 सीटों पर नामांकन लिया जाना है। नामांकन के लिए सीट का आवंटन जेईई (मेन) रैंक के आधार पर होगा। योग्य उम्मीदवारों को योग्यता के अनुसार सीटों का आवंटन सीएसएबी- 2024 के द्वारा किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड का विवरण, एडमिशन शेड्यूल, लिस्ट ऑफ वेरीफाइंग सेंटर, सीटों के बंटवारा एवं ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर नामांकन से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

प्रभात खबर

ने युवा

सीयूजे के इंजीनियरिंग में सीएसएबी से होगा प्रवेश

रांची, वरीय संवाददाता। केंद्रीय विवि, झारखंड (सीयूजे) में सत्र 2024-25 में इंजीनियरिंग के विभिन्न कोर्स में नामांकन सीएसएबी (सेंट्रल सीट अलोकेशन बोर्ड-2024) के जरिए होगा। इसके लिए विवि द्वारा सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। विवि ने सीएसएबी के समन्वयक एनआईटी, कर्नाटक को सभी सूचनाएं भेज दी हैं।

सीयूजे में सीएसएबी के जरिए इंटीग्रेटेड बीटेक, एमटेक इन मेटालॉर्जिकल एंड मटेरियल्स इंजीनियरिंग, इंटीग्रेटेड बीटेक, एमटेक इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इंटीग्रेटेड बीटेक, एमटेक इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इंटीग्रेटेड बीटेक, एमटेक इन सिविल इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में नामांकन लिया जाना है। इस वर्ष इंजीनियरिंग के कुल 182 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा।

नामांकन के लिए सीट का आवंटन जेईई (मेन) रैंक के आधार पर होगा। योग्य उम्मीदवारों को योग्यता के अनुसार सीटों का आवंटन सीएसएबी द्वारा किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड का विवरण, एडमिशन शेड्यूल, लिस्ट ऑफ वेरीफाइंग सेंटर, सीटों के बंटवारा और ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में अपडेट विवि की वेबसाइट www.cuj.ac.in या सीएसएबी 2024 पर दिया जा रहा है।

नीट यूजी के लिए आवेदन 9 तक, परीक्षा पांच मई को

रांची। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट यूजी-2024) के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 मार्च रात 11:50 बजे तक है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से परीक्षा पांच मई को पेपर-पेन मोड पर देशभर के 554 केंद्रों पर ली जाएगी। एनटीए ने इस मेडिकल प्रवेश परीक्षा में रैंक तय करने के लिए इसबार से नया नियम टाई ब्रेकिंग लागू किया है। इसके तहत विषयों में अंक अथवा परसेंटाइल की स्थिति सामान होने पर कंप्यूटराइज्ड लॉटरी से मेरिट या रैंक का निर्धारण होगा। दो या इससे अधिक अभ्यर्थियों के एक समान अंक या परसेंटाइल होने की स्थिति में मेरिट के आधार पर रैंक दिया जाएगा।

प्रभात खबर

इंजीनियरिंग कोर्स की 182 सीटों पर सीएसएबी से होगा नामांकन

सीयूजे

- नामांकन के लिए सीट का आवंटन जेइइ (मेन) रैंक के आधार पर होगा

विशेष संवाददाता, रांची

सीयूजे में सत्र 2024-25 में इंजीनियरिंग के चार कोर्स में 182 सीटों पर नामांकन सेंट्रल सीट एलोकेशन बोर्ड (सीएसएबी)-2024 के माध्यम से होगा. इसके लिए विवि द्वारा सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गयी हैं. विवि ने सीएसएबी-2024 के समन्वयक एनआइटी कर्नाटक को सारी सूचनाएं भेज दी हैं. सीयूजे के जिन कोर्स में नामांकन लिया जायेगा, उनमें इंटीग्रेटेड बीटेक-एमटेक इन मैटालर्जिकल एंड मैटेरियल इंजीनियरिंग, इंटीग्रेटेड बीटेक-एमटेक इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इंटीग्रेटेड बीटेक-एमटेक इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इंटीग्रेटेड बीटेक-एमटेक इन सिविल इंजीनियरिंग कोर्स शामिल हैं. नामांकन के लिए सीट का आवंटन जेइइ (मेन) रैंक के आधार पर होगा. योग्य उम्मीदवारों को योग्यता के अनुसार सीटों का आवंटन सीएसएबी-2024 के द्वारा किया जायेगा. आवेदन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड का विवरण, एडमिशन शेडयुल, लिस्ट ऑफ वेरीफाइंग सेंटर, सीटों का बंटवारा आदि एवं ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में अपडेट विवि की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकेगा.